## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया ने अपने सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से किया सम्मानित, प्रधानमंत्री ने यह सम्मान भारत–इथियोपिया के ऐतिहासिक संबंधों को किया समर्पित ।
- धनबाद के केंदुआडीह में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस रिसाव मामले में कल से बोरहोल प्रक्रिया हुई शुरू, सीआईएसएफ की टीम सुरक्षा के लिए तैनात।
- विभिन्न जिलों की मतदाता सूची राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर की गईं ऑनलाइन अपलोड, प्री एसआईआर के तहत यह कदम मतदाता मैपिंग प्रक्रिया को बनाएगा आसान ।
- देवघर एम्स में पहली बार हार्ट सर्जरी की हुई शुरुआत, इससे गंभीर हृदय रोगियों को स्थानीय स्तर पर उन्नत इलाज की मिलेगी सुविधा।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी–20 मुकाबला होगा आज, लखनऊ में शाम 7 बजे से खेला जाएगा मैच।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया ने अपने सर्वोच्च सम्मान द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया है। भारत और इथियोपिया के संबंधों को मजबूत करने और एक वैश्विक राजनेता के रूप में श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए उन्हें इथियोपिया के प्रधानमंत्री ने यह सम्मान दिया है। श्री मोदी ने यह पुरस्कार दोनों देशों के उन लोगों को समर्पित किया, जिन्होंने सदियों से द्विपक्षीय संबंधों को पोषित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में जॉर्डन और इथियोपिया के बाद आज शाम दो दिन की यात्रा पर ओमान पहुंच रहे हैं।

**********************

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक वीबी–जी–राम–जी को कल लोकसभा में पेश किया गया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसमें ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाए जाने के पक्षधऱ थे और उनकी इसी भावना के अनुरूप, मौजूदा विधेयक में गरीब कल्याण और ग्राम विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

**********************

धनबाद के केंदुआडीह में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस रिसाव की घटना के 15वें दिन यानी कल से बोरहोल की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे लोगों में राहत की उम्मीद जगी है। एमईसीएल द्वारा किए जा रहे इस कार्य में सीएमपीडीआई, आईआईटी–आईएसएम, पीएमआरसी और सिम्फर के विशेषज्ञ मौके पर मौजूद हैं। बोरहोल के बाद जमीन के अंदर आग और गैस की स्थिति का आकलन कर नाइट्रोजन गैस की फिलिंग की जाएगी, जिससे गैस रिसाव और आग के प्रभाव को कम करने की संभावना जताई जा रही है।

फिलहाल बोरहोल स्थल के चारों ओर सीआईएसएफ की टीम सुरक्षा के लिए तैनात है और प्रक्रिया के दौरान किसी के भी वहां जाने की मनाही है।

**********************

धनबाद विधानसभा के 85 बूथों की मतदाता सूची को जिला निर्वाचन विभाग ने प्री एसआईआर के तहत राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड कर दिया है। इन बूथों की वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध होने से अब मतदाता घर बैठे अपना नाम खोज सकेंगे और बीएलओ के माध्यम से चल रही मैपिंग प्रक्रिया में सुविधा होगी। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा ने बताया कि पहले जिन 85 बूथों की सूची नहीं मिल पाने से मैपिंग प्रभावित हो रही थी, वह समस्या अब दूर हो गई है।

इधर जमशेदपुर में भी मतदाता सूची का प्री एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार माना जा रहा है। इसी सूची के आधार पर पुराने मतदाताओं के नाम बरकरार रखे जाएंगे और पात्र नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

**********************

देवघर एम्स ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अस्पताल में हार्ट सर्जरी की शुरुआत कर दी है, जिसे सीटीवीएस और एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विभाग के संयुक्त प्रयास से अंजाम दिया गया। एम्स के निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ) नितिन एम गांगने ने इसे संस्थान के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे गंभीर हृदय रोगियों को अब देवघर में ही उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

**********************

सिमडेगा जिले में एचआईवी पर नियंत्रण को लेकर प्रयास जारी है। इस वर्ष 30 नवंबर तक 4,866 लोगों की काउंसलिंग और जांच की गई।

**********************

घरेलू शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। इससे पहले दोनों सूचकांक सकारात्मक खुले थे। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 112 अंक गिरकर 84 हजार 568 पर और निफ्टी 29 अंक की गिरावट के साथ 25 हजार 831 पर आ गया।

**********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 30 हजार 410 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी दो लाख ग्यारह हजार रूपये प्रतिकिलो है।

**********************

खेल जगत की खबरें –

- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी–20 क्रिकेट मैच आज लखनऊ में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पांच मैचों की टी–20 श्रृंखला में भारत दो–एक से आगे है। पांचवां और आखिरी मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में होगा।
- जमशेदपुर में 54वीं नेशनल जूनियर ओपन (अंडर–19) एवं 39वीं नेशनल जूनियर गर्ल्स (अंडर–19) चेस चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन हुआ। नौ दिवसीय इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 339 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 10 लाख रुपये रखी गई है।

***************